**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**11.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे**

**मुख्यमंत्री**

प्रदेश में ई–परिवार रजिस्टर पर 99 प्रतिशत से अधिक परिवार सदस्यों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि ई–परिवार प्रणाली एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है और इसके माध्यम से परिवार नकल, विवाह प्रमाण–पत्र और बीपीएल प्रमाण–पत्र जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलती है। इसलिए पिछले वर्ष 27 अप्रैल से ये कार्य अनिवार्य किया गया है।

**महाकुंभ**

प्रयागराज महाकुंभ में कल 12 फरवरी को होने वाले माघी पूर्णिमा स्नान से पहले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए विशेष व्यवस्था करने के लिए भारतीय रेलवे युद्धस्तर पर काम कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इससे पहले प्रयागराज रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और भीड़ के मददेनजर अधिकारियों को उचित निर्देश दिए। वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं और लोग किसी भी तरह की अफवाहों में न आएं।

**विक्रमादित्य फ्लाईओवर**

राजधानी शिमला में विधानसभा जंक्शन पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य का निरीक्षण कर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अधिकारियों को य़ह निर्माण अक्तुबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिमला के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और भीड़भाड़ को कम करने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा य़ह फ्लाइओवर है।

**सफाई अभियान**

स्वच्छ शहर सुंदर शहर अभियान, भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा है। इस अभियान का मकसद शहरों को साफ़–सुथरा बनाना और खुले में शौच की समस्या को खत्म करना है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में बीते कल से स्थानीय शहरी निकायों द्वारा सफाई अभियान शुरू किया गया है। दो महीने तक चलने वाले इस अभियान में शहरों के ऐसे क्षेत्रों में साफ–सफाई की जाएगी, जो रोजाना सफाई से वंचित रहते हैं।

**बिजली बोर्ड / महापंचायत**

बिजली बोर्ड में कर्मचारियों के पदों को सरप्लस व समाप्त करने व् कर्मचारी हितों के अन्य मुद्दों पर कर्मचारियों ने कल से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है । प्रदेश भर में बिजली कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर वर्क टू रूल के तहत काम करना शुरू किया है। बिजली बोर्ड कर्मचारी, अभियंता व पैंशनर्ज की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर आज से विरोध तेज किया जायेगा जिसके तहत हमीरपुर जिले में बिजली महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सह संयोजक हीरा लाल वर्मा ने बताया की हमीरपुर के पश्चात प्रदेश भर में जिला स्तर पर महापंचायत का आयोजन होगा।

**मौसम**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बीते कल जनजातीय जिला किन्नौर और लाहौल–स्पीति की उंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है, जिससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक सोबित कटियार ने बताया कि कल से प्रदेश में मौसम साफ रहेगा, हालांकि 14 और 17 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव का अनुमान है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

अमर उजाला की सुर्खी है–**हिमाचल में ओपीएस की जगह अब यूपीएस लागू करने पर मंथन।** वहीं आपका फैसला ने लिखा है–**मंत्री विक्रमादित्य सिंह बोले–कैबिनेट मीटिंग में डिस्कस किया जाएगा यूपीएस का मुद्दा।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–**अपग्रेड हुआ कांगड़ा एयरपोर्ट, विस्तारीकरण से पहले तोहफा, ग्रेड फोर से थ्री में आया।** पंजाब केसरी ने खबर दी है–**खनन माफिया का एसडीएम मंडी पर जानलेवा हमला, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार।**

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। । नमस्कार**